**आरोप** | मॉम किचन व अंजली ट्रेवल्र्स को नहीं दिया सामान निकालने का मौका

# सांसद पारधी के दम पर गौतम भवन किया गया जमींदोज

**नवभारत बालाघाट।** शहर के गोंदिया रोड़ स्थित गौतम भवन की वर्षो पुरानी बिल्डिंग को जर्जर बताते हुए नगरपालिका ने बिना कोई समय दिए बुलडोजर से रविवार को जमीदोज कर दिया। जिसके बाद अब आरोपों में घिरा हुआ दिखाई दे रहा हैं । पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने आरोप लगाते हुए कहा कि गौतम भवन जर्जर नहीं हुआ हैं बल्कि इसे तोड़ने का मूल कारण इस भवन को किराएदारों से खाली कराना हैं ।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जिले की सांसद भारती पारधी के संरक्षण में नगरपालिका व प्रशासन के द्वारा भवन को तोड़ा गया हैं। शहर में चर्चाए हैं कि यह भवन तो सांसद के संरक्षण में उसके करीबी युवा व्यवसाई के द्वारा खरीदा गया है, जिसके बाद यह कार्यवाही की गई है यह भी बताया जा रहा हैं कि राजकुमार कुकरेजा के द्वारा मामला पूर्व से ही सिविल न्यायालय में विचाराधिन है।जिसकी जानकारी नगरपालिका के साथ कलेक्टर एसडीएम सभी को दी गई थी फिर भी जानबूझकर कार्यवाही की गई ।



## बड़े नेता का है हाथ

उल्लेखनीय है कि गत दिवस भवन मालिक ने राजकुमार उर्फ राजा कुकरेजा व मॉम किचन के संचालक द्वारा पैसों की मांग को लेकर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर उनका जुलुस भी निकाला था, तभी से चर्चाए तेज हो चली थीं कि आखिर भवन मालिक के पीछे कोई न कोई बड़ा राजनेता शख्स है ? जिसके इशारे में यह सब खेल हो रहा है ।जिसके पश्चात 22 मार्च रविवार को सुबह जेसीबी व पोकलैण्ड मशीन के साथ नगरपालिका प्रशासन, राजस्व प्रशासन व भारी पुलिस बल के साथ गौतम भवन पर दुकाने बगैर खाली कराए ही तोडना शुरू कर दिए और शाम तक भवन को जमीदोज करने की कार्यवाही चलते रहीं।

## नहीं मिला कोई नोटिस

सबसे बड़ी बात तो यह रही कि कई दुकानदारों को तो नोटिस भी नहीं दिया गया । सुबह सूचना देकर दुकानें तोड़ने की कार्यवाही चालू कर दी गई । इधर उसी बिल्डिंग के किरायेदार रेडियम दुकान मालिक श्री राजपुत ने बताया कि हमें प्रशासन ने कोई नोटिस नहीं मिला और रविवार का दिन देख कर प्रशासन ने भवन को जर्जर बताकर तौड़ दिया गया। दुकानदार सौरभ शाडिलकर ने बताया कि हमे कोई नोटिस नहीं दिया गया और कार्यवाही के कुछ समय में ही खाली करने की बात कहीं गई, जिसके बाद जेसीबी मशीन से भवन को तोडने की कार्यवाही की गई।

## न्यायालय में केस विचाराधीन

अंजली ट्रेवल्स संचालक राजा कुकरेजा के परिवार ने बताया कि मकान मालिक श्रीमती सविता गौतम एवं नितेश गौतम के मध्य तहसील एवं जिला बालाघाट स्थित भूमि खसरा नं 293/28, 293/11/ख रकबा 0.014 हे. भूमि पर गौतम काम्पलेक्स बना हुआ हैं, पर स्थित दुकान नंबर 7 के सबंध में एक व्यवहार वाद न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बालाघाट के न्यायालय में संविदा के विशिष्ठ पालननार्थ लंबित है। भवन को प्रशासन ने न्यायालय की अवेल्हना करते हुए गिराया गया हैं, और जो दुकान में रखा हुआ लाखों रूपए की सामग्री भी नष्ट कर दी गई हैं।

## सांसद भारती पारधी पर एक तरफ कार्यवाही के आरोप

युवा नेता तबरेज पटेल ने बताया कि शनिवार की रात्री को नोटिस दिया गया और रविवार को प्रशासन के द्वारा यह कार्यवाही की गई हैं, यह भवन जिले के बड़े नेताओं के साथ पॉटनरशीप में सांसद के करीबी युवा व्यवसाई के द्वारा खरीदा गया हैं, जो करोड़ो रूपए का खेल है। देखा जा रहा हैं कि नगरपालिका में गरीबों का काम नहीं होता और अमीरों के काम के लिए रविवार को जिला का पुरा अमला यहां मौजूद है। यह भवन जर्जर नहीं है बावजूद इसके यहठ्ठ तोड़ा जा रहा है, जबकि दुकानों में लाखों रूपए का सामान रहने के बाद भी तोड़ दिया गया जबकि उन्हे खाली कराने का समय भी नहीं दिया गया।

**भवन को जर्जर बताते हुए तोडने की कार्यवाही की गई**

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने गौतम काम्लेक्स को तोडने को लेकर सांसद भारती पारधी को घेरते हुए आरोप लगाया हैं कि सांसद भारती पारधी के संरक्षण पर सांसद के करीबी युवा व्यवसाई ने 12 करोड़ में आधा गौतम काम्लेक्स खरीदा हैं, जिसको खाली करने के लिए सांसद के बाहुबल पर जिला प्रशासन, नगरपालिका व राजस्व अमले के द्वारा भवन को जर्जर बताते हुए तोडने की कार्यवाही की गई है। नगरपालिका के द्वारा नोटिस देते ही भवन का तोडने की कार्यवाही की गई है जो गलत है, भवन जर्जर नहीं है जर्जर बताकर केवल दुकानदारों को खाली कराने की नियत से यह कार्यवाही की गई है। वैसे तो बताया जा रहा हैं कि एक दुकानदार और दुकान मालिक के मध्य सिविल न्यायालय में मामला विचाराधिन हैं उसके बाद भी यह कार्यवाही न्यायालय की अवेल्हना करते हुए कार्यवाही की गई है। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि मौके पर डॉग स्कॉड को भी बुलाया गया है। जांच के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। सभी टीमें संदिग्ध जगहों की जांच करेगी। खेतों, तालाबों, हाथियों के मल और तालाबों की जांच की जाएगी। इसके अलावा, हाथियों के पगमार्क के आधार पर भी देखा जाएगा कि कहीं कोई पॉइजन वाला पदार्थ तो नहीं खाया।



## टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपा ज्ञापन


**नवभारत, परसवाड़ा।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ बालाघाट के द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (ज्ञश्वज्ञ) के विरोध में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ बालाघाट के जिला अध्यक्ष आशीष बिसेन जिला संयोजक आशीष श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष रामलाल शरणागत के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र 110 परसवाड़ा विधायक मधु भगत को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है ।

इस दौरान विधायक मधु भगत द्वारा सर्वप्रथम शिक्षकों का सहृदय से स्वागत किया गया तत्पश्चात समस्त शिक्षकों से शैक्षिक संवाद कर बच्चों की शैक्षणिक गतिविधि पर विस्तार से चर्चा की गई तत्पश्चात शिक्षकों की समस्याओं विधायक मधु भगत द्वारा सुना गया ।इस दौरान शिक्षकों का आग्रह है कि लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा जारी संदर्भित पत्र को निरस्त करते हुये माननीय उच्चतम न्यायालय के सिविल अपील 1385/2025 में पारित निर्णय के विरुद्ध उ प्र सहित अन्य प्रदेश शासन दयारा दाखिल रिव्यू पिटीशन की भाँति म प्र शासन की ओर से भी रिव्यू पिटीशन दाखिल की जाये। शिक्षकों की समस्या को सुनकर उनकी पीड़ा को समझा और उनके समर्थन में मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं शिक्षा मंत्री स्कूल शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर वास्तविक स्थिति से अवगत कराने का पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया । इस दौरान परसवाड़ा ब्लाक अध्यक्ष चंद्रभान क्षीरसागर बालाघाट ब्लॉक अध्यक्ष अनिल टेकाम, ब्लाक संयोजक सुरेंद्र कुमार पडवारे , कुलभूषण नागदोने, ब्लाक उपाध्यक्ष नूतन धारने, सह सचिव मिथलेश पटले, दिलीप कुमार राहंगडाले, भींवराम मानेश्वर, रवींद्र बिसेन, विनेश मस्करे , बी एस नगपुरे, विजय पटले, सुरेंद्र समरिते, के एल राहंगडाले, चैनसिंह उयके, तेजलाल सैयाम, पूर्णिमा इडपाचे , आर के परते, के एल बोपचे, राजेश कुमार बिसेन श्रीमति पटले मैडम एवं अन्य सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# मनाया गया विश्व जल दिवस

**नवभारत, बालाघाट।** प्रदेश और देश मे जल की स्थिति को देखकर जल संरक्षण पर दिए जोर अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा जल के महत्व को समझें--रंगलानी बालाघाट-नगर के आम्बेडकर चौक पर स्थित इतिहास पुरातत्व के सभाग्रह मे जल संरक्षण पर जोर देते हुए विश्व जल दिवस मनाया गया वंही बालाघाट सहित देश प्रदेश मे घटते जल स्तर और पर्यावरण को लेकर चिंता भी व्यक्त किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, प्रोफेसर सक्सेना, भानुप्रताप चौधरी, गुप्ता सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे ।

माता सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद यंहा कई वक्ताओ ने घटते जल स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहे जल संरक्षण पर जोर दिए साथ ही जल जंगल और जमीन पर गंभीर होकर इनके संरक्षण पर योगदान देने की अपील की यंहा रिटायर्ड प्रोफ़ेसर डॉ संतोष सक्सेना ने कहा की जल का संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सबसे बड़ी विरासत है। अगर आज हम जल के इस्तेमाल में सावधानी बरतते हैं, तो आने वाली पीढ़ियों को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। 'उन्होंने इस मौके पर सभी नागरिकों से अपील की कि वे जल के महत्व को समझें और जल बचाने के उपायों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।




उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते जल दोहन और पारंपरिक खेती के तरीकों के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, जो आने वाले समय में गंभीर संकट का रूप ले सकता है।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश रंगलानी ने कहा की अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होने की भविष्यवाणी है ऐसे मे जल संरक्षण को लेकर साझा प्रयास की आवश्यकता है बगैर जल और पानी के आभाव मे जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है रंगलानी ने मोती तालाब और बैनगंगा नदी का कई दिनों तक साझा प्रयास से सफाई के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताये की जल संकट का बढ़ना हम सबके लिए गंभीर बात है वक्त रहते हमें मिलकर ठोस कदम उठाते हुए साझा प्रयास करने की आवश्यकता है ।

**ये रहे उपस्थित**

इस दौरान प्रोफेसर रूपम खरे, जियोज़ालिस्ट हरिखेड़े, अनिल शुक्ला,पत्रकार हरीश लिल्हारे, हाइडोलॉजिस्ट नीरज बख्शी सहित कई वक्ताओ ने जल संरक्षण और प्रकृति संरक्षण पर जोर दिए इस दौरान जियोलाजी विषय को लेकर रिटायर्ड प्रोफेसर संतोष सक्सेना के द्वारा छात्रों के हित मे सरलिकरण कर उपयोगी रूप से प्रकाशित किताब का विमोचन भी किया गया जिसे विषय के छात्रों के लिए बेहद उपयोगी बताया गया यंहा पिएससी मे सिलेक्ट माइनिंग इस्पेक्टर और ऑफिसर मे यामिनी उके ,साक्षी, देवेन्द्र, शुभम, चारु ,श्रृष्टि,प्रज्ञा सहित अन्य छात्रों ने अपने अपने अनुभव भी साझा किये और जल संरक्षण को लेकर संकल्प भी लिए।



## नवरात्र पर्व पर भक्ति में सराबोर नगरवासी

**खैरलांजी।** चैत्र नवरात्र महोत्सव पर्व पर आयोजित जगत जननी मां जगदंबे के नौ दिवसीय ज्वाला रोपण अखंड ज्योति कार्यक्रम का श्री गणेश हो चुका है घरों मंदिरों में माता के ज्योति कलश ज्वारों की स्थापना की गई है इस नवरात्र पर्व के अवसर पर महिला पुरुष बच्चे सभी मां की आराधना में प्रात: काल से जल समर्पित करने घर से निकल पड़ते हैं और मंदिरों में जाकर माता पर जल समर्पित कर विधि विधान से पूजन पाठ नियमित किया जा रहा है चैत्र नवरात्र महोत्सव खैरलांजी ग्राम पंचायत में स्थित गायत्री शक्तिपीठ में भी मनोकामना कलश ज्योति प्रज्वलित की गई है और निमित्त रूप से जाप साधना एवं पूजन यहां किया जा रहा है अंतिम दिन विशेष पूजा हवन एवं ज्वाला कलश ज्योति विसर्जन महाप्रसाद का आयोजन किया गया है प्रबंधन समिति गायत्री परिवार ट्रस्ट खैरलाजीं के प्रबंधक बाबूलाल मसकरे ने बताया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण करें एवं मां का पुण्य आशीर्वाद और मां के पूजन कर आशीर्वाद एवं महाप्रसाद ग्रहण करें।

# ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

▶ रेलवे स्टेशन बालाघाट में हुआ जोरदार प्रदर्शन

**नवभारत, बालाघाट।** गगनभेदी नारों के साथ यात्री ट्रेनों की लेट लतीफी एवं इंदौर भोपाल सीधी रेल सेवा की प्रमुख मांग को लेकर ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस के नेतृत्व में स्थानीय रेलवे स्टेशन बालाघाट में ज्ञापन सौंपा गया, तत संबंध में मांग की गई की गोंदिया बालाघाट जबलपुर तथा बालाघाट कटंगी तिरोड़ी एवं नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा के मध्य चलने वाली लगभग सभी ट्रेनें जोकि अपने निर्धारित समय से विलंब से चल रही हैं, इस समस्या को समाप्त कर माल गाड़ियों की जो प्राथमिकता इस रेल मार्ग पर कर दी गई है उसे यात्री ट्रेनों की प्राथमिकता में बदलकर राहत प्रदान की जाए, विगत दिनों गोंदिया यार्ड से



पेचुवेली एक्सप्रेस को प्रारंभ करने का प्रस्ताव जारी किया गया था उसे शीघ्र लागू किया जाए एवं पेचुवेली एक्सप्रेस को गोंदिया बालाघाट से प्रारंभ किया जाए ,डबल रेल लाइन के कार्य में जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की जाएगी उन किसानों के परिवार के एक सदस्य को रेलवे में नौकरी प्रदान की जाए बिलासपुर इंदौर नई एसएफ एक्सप्रेस वाया गोंदिया बालाघाट छिंदवाड़ा भोपाल उज्जैन के रास्ते शुरू की जाए ताकि नर्मदा एक्सप्रेस का भार कम हो सके, गौरवशाली विरासत सतपुड़ा एक्सप्रेस को पुणे बालाघाट जबलपुर बिलासपुर या जबलपुर बालाघाट नागपुर या गोंदिया बालाघाट जबलपुर दिल्ली जम्मू तक सीधी रेल सेवा के रुप में प्रारंभ किया जाए, गाड़ी संख्या 22174 तथा 22173 जबलपुर चंद्रपुर जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार तिरुपति वाया विजयवाड़ा जंक्शन तेनाली जंक्शन गुंटूर जंक्शन तक किया जाए ताकि जबलपुर से तिरुपति तक एक सीधी रेल सेवा प्रारंभ हो सके, उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से रमाशंकर महोबिया केवलारी, रहीम खान, महेंद्र पचौरी शमीम सिद्धकी, अल्ला रक्खा, पवन अग्रवाल, एडवोकेट इंद्रजीत गौतम, एडवोकेट राकेश सिंगारे, श्याम पंजवानी, प्रशांत मेश्राम पन्नालाल कूतराहे, राहुल सिंह बैस, मनीष कुशवाहा, मुनेन्द्र ठाकरे,प्यासी महाराज, वीर सिंह जागेला , सुखलाल हार्दे, दीपचंद ठाकरे ,राजू बोरकर , जयपाल मंगलानी, नंदू गंगवानी, दीपचंद गोमासे,जीवन लाल चौधरी, सूरज लाल वढुणेरे फैयाज अंसारी, पवन वैध, मधु नंदन पटले, आशुतोष अग्रवाल शिवकुमार लीलहारे, आकाश कुमार, नंदकिशोर खांडेकर केवल झरिया, अनिल बिंजड़े रवि बिंजड़े विजय बंजारे धर्मेंद्र चेतेश्वर लक्ष्मी चंद वाडेकर एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## शिक्षकों को पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने संबंधी सूचना के बाद पूर्व मंत्री जायसवाल को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,वारासिवनी।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओ के शिक्षको को पात्रता परीक्षा में सम्मिलित होने संबंधी सूचना के बाद आज आजाद अध्यापक शिक्षक संघ वारासिवनी ने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। जिसमे शिक्षक संघ ने अपने विरोधी स्वर से अवगत कराकर मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी के संकेत भी उजागर कर दिये है।



लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के अनुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के अध्यापकों को पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील याचिकाओं में पारित आदेश दिनांक 01 सितम्बर 2025 के अनुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्यापन करने वाले अध्यापकों को आगामी दो वर्षों में शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। यदि निर्धारित अवधि में शिक्षक, पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करते है एवं उनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से अधिक का समय शेष हो तो ऐसे शिक्षको को स्वयं सेवानिवृत्त होने अथवा अनिवार्य सेवानिवृति प्रदान किये जाने संबंधी आदेश दिया गया है। इसी विषय के अंतर्गत आज आजाद अध्यापक शिक्षक संघ वारासिवनी ने प्रांतीय महासचिव अरविंद पारधी के नेत्रत्व मे ब्लाक अध्यक्ष धन्नालाल बिसेन, सचिव कमलनाथ पाराशर,सचिव उत्तम मेश्राम, शीला बोरकर महिला वाहिनी अध्यक्ष के साथ ग्राम ग्राम से आये ब्लाक के लगभग 230 शिक्षको के साथ गुडडा भैया को ज्ञापन सौपा। प्रांतीय महासचिव अरविंद पारधी के अनुसार माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अन्य प्रदेश के अशासकीय याचिका में पारित निर्णय को लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी शिक्षकों पर भूतलक्षीय प्रभाव से लागू करते हुये शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता लागू की गई है। भर्ती के समय लागू सेवा शर्तों के अधीन तत्समय के प्रावधान से नियुक्त किये गये शिक्षको को 25-30 वर्ष की सेवा उपरांत आज सेवा में बने रहने हेतु उन पर शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने का बंधन लागू करना सेवा शर्तों का उल्लंघन है।

## 72 लाख में तैयार की गई सवा किमी . सडक़ पर धांधली की परत, चदं दिनों में ही उखड़ी

**नवभारत बालाघाट।** पखवाड़े पूर्व करीब 72 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई सवा किमी सडक़ पर धांधली की परत उभर आई है। निर्माण एजेंसी द्वारा कराए गए निर्माण को लेकर अब सवाल उठने लगे है। क्षेत्र के ग्रामीणों से मिली शिकायत के बाद जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत जब मौके पर पहुंची तो उन्होंने भी निर्माण में बरती गई गुणवत्ता की अनदेखी पर हैरानी जताई। मामला वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले क्षेत्र क्रमांक 12 आमगांव से बरसपुर मार्ग का है। जहां पखवाड़े के भीतर ही सडक़ जगह-जगह से उखड़ रही है। इस मामले में ग्रामीणों ने कहा संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई कर अथवा फिर से निर्माण कराया जाना चाहिए।

# सड़क निर्माण से आवगमन में होगी सुविधा : गौरव पारधी

▶ विधायक ने चाकाहेटी, हरदोली और कोडबी में किया निर्माण कार्यों का श्रीगणेश

**नवभारत कटंगी 22 मार्च।** कटंगी विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के विकास को गति देते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी ने शनिवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों के साथ-साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया।

ग्राम पंचायत चाकाहेटी के अंतर्गत ग्राम रामजीटोला में 674 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 8.50 किलोमीटर लंबी (आंजनबिहरी-रामजीटोला-जामुनटोला-चाकाहेटी-जामरापानी) पीडब्ल्यूडी सड़क का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह सड़क निर्माण कार्य क्षेत्र के कई गांवों को आपस में जोड़ते हुए आवागमन को सुगम बनाएगा और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत देगा।




## सीसी सड़क का भूमिपूजन किया

इसके साथ ही माता मंदिर से यादोलाल के घर तक 10 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत हरदोली में सिताराम की दुकान से चमरु के घर तक 11.99 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का भूमिपूजन किया गया। इस निर्माण कार्य से ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से निजात मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को मजबूती मिलेगी।

## बिरसा मुंडा प्रतिमा का किया अनावरण

ग्राम पंचायत कोड़बी में भी विधायक पारधी ने नई सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस सड़क के बनने से गांव के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय गौरव के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया।

## जनकल्याण योजनाओं का लाभ किया वितरित

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन एवं आवासीय पट्टों का वितरण कर जनसेवा के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर कविता अरविंद देशमुख अध्यक्ष, जनपद पंचायत कटंगी, प्रियंका परते जिला पंचायत सदस्य, गुड्डू अग्रवाल, योगेश सोनवाने मंडल अध्यक्ष, प्रकाश सोनवाने उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, सुरेश ठाकुर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, चमन डोंगरवार सदस्य जनपद पंचायत कटंगी, देवेन्द्र कुमार मरकवाड़े सरपंच, ग्राम पंचायत चाकाहेटी, नितेश पुष्पतोड़े सदस्य जनपद पंचायत कटंगी एवं दिनेश पुष्पतोडे सरपंच, ग्राम पंचायत आंजनबिहरी आदि उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश तिथि बढ़ी, अब 24 तक फॉर्म जमा, 24 को ही होगी लॉटरी

**बालाघाट।** सांदीपनि विद्यालय, बालाघाट में कक्षा के.जी. 1, के.जी. 2 एवं कक्षा पहली (हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम) में प्रवेश प्रक्रिया की तिथियों में संशोधन किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य डा युवराज रहांगडाले ने बताया कि पूर्व में फार्म जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि 20 मार्च 2026 थी, लेकिन 19 मार्च से 22 मार्च तक शासकीय अवकाश होने के कारण प्रवेश प्रक्रिया की तिथियों को आगे बढ़ाया गया है। नई संशोधित तिथियों के अनुसार अब प्रवेश के लिए फॉर्म वितरण: 23 मार्च 2026 से 24 मार्च 2026, दोपहर 01:00 बजे तक किया जाएगा और भरे हुए फार्म 23 मार्च 2026 से 24 मार्च 2026, दोपहर 02:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। लॉटरी से चयन प्रक्रिया 24 मार्च 2026 को दोपहर 03:00 बजे से की जाएगी।


**ग्राम पंचायत परसवाड़ा, जनपद पंचायत परसवाड़ा जिला बालाघाट**
**नीलामी सूचना** दिनांक :- 10/03/2025

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसवाड़ा में साप्ताहिक बैठकी बाजार नीलामी दिनांक 30/03/2026 दिन सोमवार को समय 11:00 से कार्यालय ग्राम पंचायत परसवाड़ा भवन में की जावेगी। अत: इच्छुक व्यक्ति,ठेकेदार निर्धारित तिथि और समय पर उपस्थित होकर नीलामी की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।
1. नीलामी की शर्तें एवं जानकारी कार्यालय ग्रा.पं.परसवाडा में आकर देख सकते हैं।
2. किसी भी प्रकार की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा जनपद पंचायत (लाँजी) जिला पंचायत बालाघाट (म.प्र.)**
क्रमांक /q /ग्राम पंचा/2026-27 **निविदा सूचना** दिनांक :- 23/03/2026

एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा जनपद पंचायत लाँजी में वर्ष 2026-27 में जीरामजी (मनरेगा) योजना, 15 वाँ वित्त आयोग 5वाँ राज्य वित्त आयोग, पंच परमेश्वर योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, गौण खनिज, स्टाम्प शुल्क राज्य स्तर एवं अन्य विभिन्न मदो से कराये जाने विभिन्न कार्यों के लिए सामाग्री लोहा, सीमेंट गिट्टी, रेत, बजरी, ईट, गट्टू, पेवर ब्लाक, मिक्सर मशीन, सेन्ट्रिग बायबेटर, इलेक्ट्रिक सामग्री, एलईडी स्टेट लाईट सामग्री, फेंसिंग तार सीमेंट कुर्सी, सीमेंट पाईप, मुरुम, स्टेशनरी सामग्री, फर्नीचर, आदि अन्य सामाग्री क्रय किया जाना है।
इस हेतु दिनांक 23/03/2026 से 30/03/2026 तक मटेरियल सप्लायरों से से मुहर बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती है। नियम और शर्तों की जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।
संरपच श्रीमती रजुला अशोक मलगाम | सचिव श्री खेलचंद कटरे | सहायक सचिव श्री डिलेश मानकर
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेलगांव जनपद पंचायत (लाँजी) जिला पंचायत बालाघाट (म.प्र.)**
क्रमांक /q /ग्राम पंचा/2026-27 **निविदा सूचना** दिनांक :- 23/03/2026

एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत बेलगांव जनपद पंचायत लाँजी में वर्ष 2026-27 में जीरामजी (मनरेगा) योजना, 15 वाँ वित्त आयोग 5वाँ राज्य वित्त आयोग, पंच परमेश्वर योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, गौण खनिज, स्टाम्प शुल्क राज्य स्तर एवं अन्य विभिन्न मदो से कराये जाने विभिन्न कार्यों के लिए सामाग्री लोहा, सीमेंट गिट्टी, रेत, बजरी, ईट, गट्टू, पेवर ब्लाक, मिक्सर मशीन, सेन्ट्रिग बायबेटर, इलेक्ट्रिक सामग्री, एलईडी स्टेट लाईट सामग्री, फेंसिंग तार सीमेंट कुर्सी, सीमेंट पाईप, मुरुम, स्टेशनरी सामग्री, फर्नीचर, आदि अन्य सामाग्री क्रय किया जाना है।
इस हेतु दिनांक 23/03/2026 से 30/03/2026 तक मटेरियल सप्लायरों से से मुहर बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती है। नियम और शर्तों की जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।
संरपच श्रीमती सुमित्रा आचरे | सचिव श्री बरसाती परते | सहायक सचिव श्री प्रेमलाल मातरे
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बेलगांव

**कार्यालय ग्राम पंचायत कालीमाटी जनपद पंचायत (लाँजी) जिला पंचायत बालाघाट (म.प्र.)**
क्रमांक /q /ग्राम पंचा/2026-27 **निविदा सूचना** दिनांक :- 23/03/2026

एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत कालीमाटी जनपद पंचायत लाँजी में वर्ष 2026-27 में जीरामजी (मनरेगा) योजना, 15 वाँ वित्त आयोग 5वाँ राज्य वित्त आयोग, पंच परमेश्वर योजना, विधायक निधि, सांसद निधि, गौण खनिज, स्टाम्प शुल्क राज्य स्तर एवं अन्य विभिन्न मदो से कराये जाने विभिन्न कार्यों के लिए सामाग्री लोहा, सीमेंट गिट्टी, रेत, बजरी, ईट, गट्टू, पेवर ब्लाक, मिक्सर मशीन, सेन्ट्रिग बायबेटर, इलेक्ट्रिक सामग्री, एलईडी स्टेट लाईट सामग्री, फेंसिंग तार सीमेंट कुर्सी, सीमेंट पाईप, मुरुम, स्टेशनरी सामग्री, फर्नीचर, आदि अन्य सामाग्री क्रय किया जाना है।
इस हेतु दिनांक 23/03/2026 से 30/03/2026 तक मटेरियल सप्लायरों से से मुहर बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती है। नियम और शर्तों की जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।
संरपच श्रीमती आशा घोरमारे | सचिव श्री खेलचंद कटरे | सहायक सचिव श्री झुम्मक लिल्हारे
एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कालीमाटी

**नीलामी सूचना**
क्रमांक /q /ग्राम पंचा/2026-27 दिनांक :- 23/03/2026

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा (जनपद लांजी) में लगने वाले साप्ताहिक बैठकी बाजार की नीलामी 2026-27 के लिये (1 वर्ष अवधी 1/4/26 से 31/3/27) की जानी है। पंचायत राज अधिनियम फिस संग्रहण का पटटा 1995 नियम एवं शर्तो के अधीन रखते हुये दिनांक 23/3/2026 दिन सोमवार को कार्यालय ग्राम पंचायत भवन रिसेवाड़ा में समय दोपहर 12 बजे से की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथी में बाजार नीलामी नहीं होने पर दिनांक 24/03/2026 दिन मंगलवार को पूर्व निर्धारित समय पर नीलामी की जायेगी। बाजार नीलामी ठेके की अमानत राशी 5000/-पांच हजार रुपये जमा करना होगा। अत: उक्त नीलामी से संबंधित सभी नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।
सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा
जनपद पंचायत लांजी